दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 28 जुलाई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 301

# नवी मुंबई में बड़ा हादसा: तीन मंजिला इमारत ढही, मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका

**मुंबई । आरएनएस**

महाराष्ट्र के मुंबई में तीन मंजिला इमारत ढह गई। नवी मुंबई के शाहबाज गांव में बनी ग्राउंड प्लस स्थित तीन मंजिला इमारत अचानक ढह गई। इमारत के मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। पुलिस अधिकारी ने जानकारी दी कि इमारत में 24 परिवार रह रहे थे। पुलिस, दमकल विभाग, एनडीआरएफ के कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं। कर्मचारियों द्वारा मलबे को हटाने की कोशिश जारी है।

नवी मुंबई नगर निगम आयुक्त कैलाश शिंदे ने बताया, इमारत सुबह 5 बजे के आसपास ढह गई। यह एक त्र+3 इमारत है। दो लोगों को बचा लिया गया है और दो के फंसे होने की संभावना है। ह्ष्ठक्रस्न की टीम यहाँ है, बचाव अभियान जारी है। नवी मुंबई के डिप्टी फायर ऑफिसर पुरुषोत्तम जाधव ने कहा, हमें सुबह 4.50 बजे एक इमारत गिरने की सूचना मिली। 2 लोगों को बचा लिया गया है। जिन दो लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया है उनका नाम सैफ अली और रुसवा खातून है। दो लोगों के फंसे होने की संभावना है और उन्हें बचाने के लिए बचाव अभियान जारी है।



भारी बारिश ने महाराष्ट्र का जनजीवन किया बेहाल

इससे पहले 20 जुलाई को मुंबई के ग्रैंड रोड इलाके में रुबिना मंजिल नाम की इमारत की बालकनी के कुछ हिस्से गिर गए थे, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 13 अन्य घायल हो गए थे। घटना 20 जुलाई सुबह 11 बजे ग्रांट रोड रेलवे स्टेशन के पास घटी थी। महाराष्ट्र में लगातार बारिश ने मुंबई को ठप कर दिया है, सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बाधित हो गई हैं और अनगिनत यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को 28 जुलाई के लिए मध्य महाराष्ट्र के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया। महाराष्ट्र के कई क्षेत्र इस समय लगातार भारी बारिश का सामना कर रहे हैं, जिससे मुंबई सहित कई शहरों में गंभीर जलजमाव और व्यापक यातायात जाम हो गया है।

## उत्तराखंड में बाढ़ का खतरा: खतरे के निशान से ऊपर बह रही सभी नदियां, स्कूलों में छुट्टियों का ऐलान; रास्ते बंद

**गंगोत्री । आरएनएस**

उत्तराखंड में भारी बारिश का कहर जारी है। पहाड़ी जिलों में मौसम विभाग ने पहले ही भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। वहीं पिथौरागढ़, बागेश्वर, उत्तरकाशी, टिहरी इन सभी जिलों में जमकर भारी बारिश हो रही है। राज्य की सभी नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। राज्य की सभी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। पिथौरागढ़ में रामगंगा और काली नदी उफान पर चल रही है। वहीं पिथौरागढ़ में भारी बारिश से कई सडक़ों पर मलबा आ गया है, जिसे रोड बंद हो गए।



भारी बारिश से थल मुनस्यारी मोटर मार्ग, धारचूला तवाघाट मोटर मार्ग, गंगोलीहाट बेरीनाग मोटर मार्ग, राईआगर सेराघाट अल्मोड़ा मोटर मार्ग बंद हो गया है। मौसम विभाग ने पिथौरागढ़ में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। जिसके चलते पिथौरागढ़ डीएम ने स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी है।

वहीं गंगोत्री धाम में भागीरथी नदी का जल स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। भागीरथी नदी का पानी गंगोत्री धाम में घाट में ऊपर तक आ गया है। जिसके बाद यहां पुलिस प्रशासन ने लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट करना शुरू कर दिया है।

श्रद्धालुओं को घाट से हटाया जा रहा है। नदी के तेज बहाव को देखते हुए सभी श्रद्धालुओं को नदी में स्नान करने पर रोक लगा दी है। जन सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने श्रद्धालुओं को नदी के आस पास जाने से रोका दिया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पुलिस ने डोडा में 3 आतंकवादियों के स्केच जारी किए, सूचना देने वाले को मिलेंगे 5 लाख रुपए

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को डोडा जिले में सक्रिय तीन आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। पुलिस ने इन आतंकवादियों के बारे में सूचना देने वाले को 5 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा भी है। पुलिस के अनुसार, तीन आतंकवादियों के स्केच जारी किए गए हैं। इन आंतकवादियों की मौजूदगी डोडा और देसा क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि तीनों आतंकवादी देसा के उरार बागी इलाके में हाल में हुई आतंकवादी घटनाओं में शामिल थे। उनकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को पांच लाख रुपए का नकद इनाम देने की घोषणा की गई है। बयान के अनुसार, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जिले के लोगों से इन आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुलिस को जानकारी देने की अपील की है। आतंकवादियों की सूचना देने के लिए पुलिस अधिकारियों के नंबर भी दिए गए हैं। पुलिस का कहना है कि आतंकवादियों की सूचना देने वालों के नाम गुप्त रखे जाएंगे।

### अग्निवीरों के लिए खुशखबरी, सरकार ने किया ये बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सेना के अग्निवीरों के लिए राज्य पुलिस, जेल प्रहरी और वनरक्षक के रूप में आरक्षण देने की घोषणा की है। शर्मा ने कहा कि समर्पण और राष्ट्र भक्ति की भावना से देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले अग्निवीरों के लिए राजस्थान सरकार ने राज्य पुलिस, जेल प्रहरी और वनरक्षक के रूप में आरक्षण का प्रावधान रखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार के इस फैसले से अग्निवीरों को देश की सेवा के बाद प्रदेश में भी काम करने का अवसर प्राप्त होगा।

### भरतपुर : कामां में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत

**कामां (आरएनएस)।** कामां थाना क्षेत्र के गांव गुडग़ांव में 11 हजार केवी विद्युत लाइन के झूलते और लटकते तारों से करंट लगने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव गुंडगांव निवासी मुबीन पुत्र मौहम्मद खां के रूप में हुई है।इस दर्दनाक हादसे के बाद ग्रामीणों में विद्युत विभाग के खिलाफ गहरा रोष व्याप्त हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार ढीले और लटकते तारों की शिकायत की थी, लेकिन विद्युत विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इस लापरवाही का नतीजा मुबीन को अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। इस घटना के बाद से गांव में शोक और गुस्से का माहौल है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

### 2016 के ड्रग मामले में ममता कुलकर्णी को बॉम्बे हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली

**मुंबई (आरएनएस)।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने बॉलीवुड स्टार ममता कुलकर्णी के खिलाफ 2,000 करोड़ रुपये के ड्रग तस्करी मामले को खारिज कर दिया है। अभिनेत्री पर अपने पति विक्की गोस्वामी के साथ ड्रग्स तस्करी का आरोप था। कोर्ट ने कहा कि ममता के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं हैं.. इसलिए केस बंद किया जाता है। जस्टिस भारती डांगरे और जस्टिस मंजूषा देशमुख की बेंच ने कुलकर्णी के खिलाफ ड्रग केस को खारिज कर दिया है।अभिनेत्री ने अपने पति के साथ केन्या में बसने से पहले लगभग 50 हिंदी फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का पति विक्की गोस्वामी एक ड्रग माफिया है, जो नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 के तहत नियंत्रित पदार्थ इफेड्रिन के निर्माण और खरीद के पीछे है। उसे कथित मास्टरमाइंड के रूप में फंसाया गया है। इस मामले में अभिनेत्री के वकील ने साल 2018 में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। अभिनेत्री ने अपनी याचिका में कहा था कि उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद हैं। वह इस मामले में निर्दोष हैं। अभिनेत्री ने अपने खिलाफ दर्ज इस केस को रद्द करने की मांग की थी। अप्रैल 2016 में, ठाणे पुलिस ने मुंबई, ठाणे और सोलापुर से लगभग 18.5 टन इफेड्रिन और 2.5 टन एसिटिक एनहाइड्राइड की बड़ी मात्रा में ड्रग्स जब्त की थी, जिसकी कीमत 2,000 करोड़ रुपये से अधिक थी, जिससे एक बड़े अंतरराष्ट्रीय नारकोटिक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ था। 52 वर्षीय गोस्वामी को इससे पहले 1997 में संयुक्त अरब अमीरात में लगभग 11.50 टन मैंड्रेक्स की तस्करी के लिए 25 साल की कैद हुई थी, लेकिन नवंबर 2012 में अच्छे आचरण के आधार पर उन्हें रिहा कर दिया गया था।

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सेना और आतंकियों के बीच भीषण मुठभेड़, मेजर समेत 4 जवान जख्मी; 1 शहीद

**कुपवाड़ा । आरएनएस**



जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। बताया जा रहा है कि इलाके में कई आतंकी छिपे हैं। जवानों ने मुठभेड़ में एक आतंकी को मार गिरया है। अब रक्षा अधिकारियों ने जानकारी दी है कि मुठभेड़ में चार जवान घायल हुए हैं, जिनमें एक मेजर रैंक के अधिकारी भी हैं। एक जवान शहीद हो गया है।

मुठभेड़ पर भारतीय सेना की तरफ से बयान भी आया है। सेना ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में माछिल सेक्टर स्थित कामकारी में फॉरवर्ड पोस्ट पर अज्ञात कर्मियों के साथ गोलीबारी हुई। सेना के मुताबिक, इस गोलीबारी में एक पाकिस्तानी मारा गया है, जबकि घायल जवानों को मौके से सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया।

सुरक्षा बलों को कुपवाड़ा में आतंकियों के छिपे होने की पहले ही जानकारी मिली थी। यहां पिछले कई दिनों से सेना एंटी टेरर ऑपरेशन चला रही है। कहा जा रहा है कि यह पाकिस्तान की तरफ से किया गया एक अटैक है। मसलन, क्च्रञ्ज का मतलब होता है बॉर्डर एक्शन टीम, जिसमें पाकिस्तानी सेना के कमांडो और आतंकी शामिल होते हैं। ये लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (रुशष्ट) पर घुसपैठ करते हैं।

## कॉलेज के हॉस्टल में घुसकर पुलिस ने बरसाईं लाठियां, छात्रों की जमकर की पिटाई; 10 से ज्यादा घायल

**पाकुड़ । आरएनएस**

झारखंड के पाकुड़ जिला मुख्यालय स्थित केकेएम कॉलेज के हॉस्टल में शुक्रवार रात पुलिसकर्मियों ने करीब एक दर्जन छात्रों की बुरी तरह पिटाई की। 10 से ज्यादा ज्यादा छात्र घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए पाकुड़ सदर हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। छात्रों ने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ शनिवार को आक्रोश रैली निकालने का ऐलान किया था। आरोप है कि पुलिस अफसरों ने देर रात हॉस्टल पहुंचकर रैली रोकने का दबाव डाला। इनकार करने पर लाठी-डंडों से उनकी जमकर पिटाई की गई।



दूसरी तरफ पुलिस का कहना है कि एक व्यक्ति के अपहरण की सूचना पर मोबाइल लोकेशन की जांच करते हुए पुलिस टीम हॉस्टल पहुंची थी, तब उनपर छात्रों ने हमला कर दिया। छात्र नेता कमल मुर्मू ने मीडिया को बताया कि पहले से निर्धारित आक्रोश रैली को रोकने के लिए बीती रात करीब साढ़े दस बजे एक पुलिस पदाधिकारी हॉस्टल में आए और उनसे कहा कि रैली नहीं निकलनी चाहिए। छात्रों ने इससे इनकार कर दिया। इसके बाद रात करीब एक बजे 100 से भी ज्यादा पुलिस अफसर और जवान लाठी-डंडे लेकर हॉस्टल पहुंचे और छात्रों के कमरे खुलवाकर पिटाई की।

पाकुड़ नगर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अनूप रोशन भेंगरा का कहना है कि अपहरण के मामले में जांच के लिए सब इंस्पेक्टर नागेंद्र कुमार के साथ पुलिस टीम ह़ॉस्टल पहुंची थी, तब वहां मौजूद कुछ युवकों ने उनपर हमला कर दिया। इसमें एक पुलिस अफसर और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए।

दूसरी बार पुलिस हमलावरों को पकडऩे गई तो हल्का बल प्रयोग किया गया। इधर, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ आवाज उठाने से हेमंत सरकार इस तरह बौखला गई है कि छात्रों पर हमले कराया जा रहा है।

बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया 'एक्सट पर लिखा, बांग्लादेशी मुसलमानों के अवैध घुसपैठ के विरुद्ध प्रदर्शन करने वाले युवा छात्रों की कल देर रात हेमंत सरकार की पुलिस ने छात्रावास में घुसकर बर्बरतापूर्ण पिटाई की है। छात्रों के ऊपर हुए इस कायराना हमले की वीभत्स तस्वीरें विचलित करने वाली हैं।

## सीआरपीएफ स्थापना दिवस : पीएम मोदी ने फोर्स के अटूट समर्पण को सराहा

**नई दिल्ली । आरएनएस**

केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स, सीआरपीएफ के 86वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुरक्षाबलों को बधाई देते हुए देश की सुरक्षा में सीआरपीएफ की भूमिका को सर्वोपरि बताया।उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर किए अपने पोस्ट में कहा, सीआरपीएफ के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को मेरी शुभकामनाएं। राष्ट्र के प्रति उनका अटूट समर्पण और उनकी अथक सेवा वास्तव में सराहनीय है। वे हमेशा साहस और प्रतिबद्धता के उच्चतम मानकों के पक्षधर रहे हैं। हमारे देश को सुरक्षित रखने में भी उनकी भूमिका सर्वोपरि है।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी सीआरपीएफ के स्थापना दिवस पर सुरक्षा बलों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दीं।

बता दें, सीआरपीएफ की स्थापना आजादी से पहले 1939 में अंग्रेजों ने की थी. तब इस बल का नाम क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस था। आजादी के बाद 28 दिसंबर, 1949 को संसद में एक अधिनियम लाकर इस बल का नाम केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कर दिया गया।

आजादी के बाद देशी रियासतों को भारत सरकार के अधीन लाने की जिम्मेदारी भी सीआरपीएफ को दी गई। सीआरपीएफ ने वीरता दिखाते हुए जूनागढ़, हैदराबाद, काठियावाड़ और कश्मीर जैसी रियासतों को भारत में शामिल कराने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई। इन रियासतों ने भारत में शामिल होने से इनकार कर दिया था। इसके साथ ही राजस्थान, कच्छ और सिंध सीमाओं में घुसपैठ की जांच में सीआरपीएफ ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई।

सीआरपीएफ ने 21 अक्टूबर 1959 को चीन के हमले को नाकाम करते हुए देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। इस बलिदान की याद में हर साल 21 अक्टूबर को स्मृति दिवस मनाया जाता है।

इस बल ने 1962 में चीनी आक्रमण के दौरान अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सेना को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की। इस आक्रमण में सीआरपीएफ के 8 जवान शहीद हुए थे। इसके अलावा 1965 और 1971 में हुए भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध में भी सीआरपीएफ ने भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पाकिस्तान से युद्ध किया।

1970 के दशक में त्रिपुरा और मणिपुर में हुई शांति भंग के दौरान सीआरपीएफ के जवानों ने कई सालों तक अभियान चला कर इलाके से उग्रवादियों का सफाया कर दिया।

इसके अलावा 13 दिसंबर 2001 को भारतीय संसद पर हुए आतंकवादी हमले को सीआरपीएफ के जवानों ने बहादुरी दिखाते हुए नाकाम कर दिया था। हमले के दौरान सीआरपीएफ और आतंकवादियों के बीच 30 मिनट तक फायरिंग हुई थी। जिसमें पांच आतंकवादियों को मार गिराया गया था।

## जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में दर्दनाक हादसा, खाई में गिरी कार; एक ही परिवार के 8 सदस्यों की मौत

**अनंतनाग । आरएनएस**

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में एक दर्दनाक सडक़ हादसे में एक ही परिवार के 8 सदस्यों की मौत हो गई। हादसा सिमथान-कोकेरनाग रोड पर हुआ जहां एक वाहन के खाई में गिर जाने से पांच बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कार चालक के नियंत्रण खो जाने से ये हादसा हुआ। गाड़ी में सवार सभी लोग किश्तवाड़ से आ रहे थे।



अधिकारियों ने बताया कि छव्य03।। 9017 रजिस्ट्रेशन की सूमो गाड़ी अनियंत्रित हो गई और डकसुम के पास सडक़ से नीचे लुढक़ गई। इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई, वाहन में एक ही परिवार के 8 लोग थे, जिनमें 5 बच्चे और दो महिलाएं शामिल थींग़ इसके साथ ही एक व्यक्ति भी था। ये परिवार किश्तवाड़ से आ रहा था। इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## भारत ने बढ़ाई चीन की टेंशन, लद्दाख में बनेगी दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग

**नई दिल्ली । आरएनएस**


लद्दाख में दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग का काम शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश और केंद्र-शासित प्रदेश लद्दाख के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी सुविधा प्रदान करने वाली सुरंग के निर्माण के लिए 'पहला विस्फोट' किया। निर्माण पूरा होने के बाद यह दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग होगी। शिंकुन ला सुरंग न केवल हमारे सशस्त्र बलों और उपकरणों की तेज एवं कुशल आवाजाही सुनिश्चित करेगी, बल्कि लद्दाख में आर्थिक और सामाजिक विकास को भी बढ़ावा देगी। शिंकुन ला सुरंग परियोजना में 4.1 किलोमीटर लंबी दोहरी-ट्यूब सुरंग शामिल है। इसका निर्माण निमू-पदुम-दारचा रोड पर लगभग 15,800 फुट की ऊंचाई पर किया जाएगा। शिंकुन ला सुरंग प्रोजेक्ट के 4 साल में पूरा होने का अनुमान है। सुरंग पश्चिमी लद्दाख और जस्कर घाटी के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगी।

वर्तमान में चीन की मीला टनल 15590 फीट की ऊंचाई पर है। नई सुरंग लंबी दूरी से की जाने वाली बमबारी या मिसाइल हमलों को झेलने में सक्षम होगी। इस तरह युद्ध की स्थिति में इसका इस्तेमाल बंकर के रूप में भी किया जा सकेगा। सुरंग के निर्माण के बाद मनाली और लेह के बीच दूरी 60 किलोमीटर कम हो जाएगी। इस सुरंग के निर्माण पर 1681 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। चीन और पाकिस्तान की तरफ से किसी भी तरह के हमले की स्थिति में सीमा तक सेना के लिए रसद और हथियार पहुंचाने में आसानी होगी।

## अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में फ्री वाई-फाई की सुविधा देने वाली पहली भारतीय एयरलाइन बनी विस्तारा

**नई दिल्ली । आरएनएस**

टाटा ग्रुप की विस्तारा एयरलाइन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर फ्री वाई-फाई सुविधा देने वाली पहली भारतीय एयरलाइन बन गई है। शनिवार को एयरलाइन की ओर से यह जानकारी दी गई। विस्तारा द्वारा दी गई जानकारी में कहा गया कि एयरलाइन की ओर से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 20 मिनट की फ्री वाई-फाई की सुविधा दी जाएगी।




एयरलाइन ने आगे कहा कि 20 मिनट के फ्री वाई-फाई की सुविधा कंप्लीमेंट्री होगी। इसकी मदद से यात्री आसानी से अपने प्रियजनों के साथ यात्रा के दौरान जुड़े रह सकते हैं। वहीं, ज्यादा समय तक वाई-फाई उपयोग करने के लिए भारतीय क्रेडिट और डेबिट कार्ड से प्लान खरीदने होंगे।

यह सर्विस बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर और एयरबस ए321नियो एयरक्राफ्ट पर उपलब्ध होगी। इसमें ग्राहक ईमेल पर आए ओटीपी की मदद से इनफ्लाइट वाई-फाई का उपयोग कर सकते हैं।

विस्तारा के चीफ कमर्शियल ऑफिसर (सीसीओ), दीपक राजावत ने कहा कि हमें विश्वास है कि ग्राहक हमारे इस प्रयास को पसंद करेंगे। इससे उनकी यात्रा पहले के मुकाबले अधिक सुविधाजनक होगी।

बिजनेस क्लास और विस्तारा प्लेटिनम क्लब के सदस्यों को 50 एमबी कंप्लीमेंट्री वाई-फाई दिया जाएगा।

एयरलाइन ने कहा कि गैर-सदस्यों को अनलिमिटेड डेटा के साथ व्हाट्सएप जैसे मैसेजिंग ऐप उपयोग करने के लिए 372.74 रुपये के साथ जीएसटी का भुगतान करना होगा।

उड़ान के दौरान इंटरनेट सर्फिंग, सोशल मीडिया और वेब के उपयोग के लिए 1,577.54 रुपये समेत जीएसटी चुकाना होगा।

वहीं, अनलिमिटेड डेटा के साथ सभी स्ट्रीमिंग का उपयोग करने के लिए 2,707.04 रुपये समेत जीएसटी का भुगतान करना होगा।

विस्तारा ने आगे कहा कि एयरलाइन में फ्लाइट के दौरान 700 घंटों का इन-फ्लाइट इंटरटेनमेंट पैकेज ऑफर किया जाता है। इसमें मूवी, टीवी शो और ऑडियो टाइटल्स शामिल हैं।